जागृति

वर्ष:60 अंक:10 मुम्बई सितम्बर 2016

ऋतु बेरी के विशेष खादी कलेक्शन का लोकार्पण

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की ग्रामीण औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका
खादी और ग्रामोद्योग आयोग, मुंबई

आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने संसद भवन, नई दिल्ली में
दिनांक 4 अगस्त, 2016 को भारत के माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की,
जहां उन्होंने माननीय प्रधान मंत्री को आयोग द्वारा किये गये नये प्रयासों के बारे में जानकारी दी।

जागृति

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की
औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका

वर्ष:60 अंक:10 मुम्बई सितम्बर 2016

सम्पादक मंडल

अध्यक्ष
अरुण कुमार झा

सम्पादक
के. एस. राव

उप सम्पादक
सुबोध कुमार

अवर उप सम्पादक
अमृता सोम मुखर्जी

अवर हिन्दी अनुवादक
सरस्वती खनका

वरिष्ठ कलाकार
संजय एस. सोमदे

कलाकार
चंद्रशेखर पुनवटकर,
दिलीप पालकर

के. सुब्बाराव, द्वारा प्रचार, फिल्म एवं लोक शिक्षण कार्यक्रम निदेशालय, खादी और ग्रामोद्योग आयुक्त कार्यालय, ग्रामोदय, 3 इर्ला रोड, विले पार्ले (पश्चिम), मुम्बई - 400 056 के लिए प्रकाशित

टेलिफैक्स: 022-26719465

ई-मेल: jagritikvic@gmail.com वेबसाईट www.kvic.org.in

प्रचार, फिल्म एवं लोक शिक्षण कार्यक्रम निदेशालय, खादी और ग्रामोद्योग आयुक्त कार्यालय, ग्रामोदय, 3 इर्ला रोड, विले पार्ले (पश्चिम), मुम्बई - 400 056 में प्रकाशित

सदस्यता शुल्क

वार्षिक सदस्यता शुल्क	:	रू. 100/-
3 वर्ष के लिये सदस्यता शुल्क	:	रू. 250/-

आवश्यक नहीं कि पत्रिका में प्रकाशित लेखों तथा व्यक्त विचारों से खादी और ग्रामोद्योग आयोग अथवा सम्पादक सहमत हों।

इस अंक में...

समाचार सार 4 से 26

खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने किया ऋतु बेरी के खादी कलेक्शन..........
आयोग ने पी.एम.ई.जी.पी. ऑनलाइन हेतु कॉरपोरेशन बैंक के साथ..........
खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा टोल फ्री हेल्पलाइन की शुरुआत..........
स्वतंत्रता के अधिकार के साथ उत्तरदायित्व की भावना....-गिरिराज सिंह.....
आयोग के अध्यक्ष ने पश्चिम क्षेत्रीय एमएसएमई कॉन्क्लेव में भाग लिया....
एक साथ मिलकर काम करने का अवसर..
अध्यक्ष महोदय ने बहु उद्देशीय प्रशिक्षण केंद्र, पंजोखेरा का दौरा किया......
आयोग ने लोकार्पित किया डिज़ाइनर खादी वेडिंग कलेक्शन..................
मणिपुर और गोवा सरकार ने कर्मचारियों से सप्ताह में एक दिन खादी........
आदर्श ग्राम योजना के तहत आयोग के राज्य कार्यालय, अहमदाबाद........
विदेशी प्रतिनिधि मण्डल द्वारा आयोग के राज्य कार्यालय, अहमदाबाद.......
आयोग ने पूरे उत्साह के साथ मनाया 70वां स्वतंत्रता दिवस..................
आयोग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ली सद्भावना शपथ...............
मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा दीन दयाल उपाध्याय ट्रस्ट का दौरा..........
आयोग मुख्यालय, मुंबई में हिन्दी कार्यशाला आयोजित........................
खादी और ग्रामोद्योग आयोग की 635वीं बैठक के मुख्यांश..................

समाचार पत्रों में प्रकाशित खादी ग्रामोद्योग जगत की सुर्खियां..........27 से 35

खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने किया ऋतु बेरी के खादी कलेक्शन का लोकार्पण

खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने खादी इंडिया बिक्री केंद्र, रिगल बिल्डिंग, कनाट प्लेस, नई दिल्ली में महिलाओं और पुरुषों के लिए उत्कृष्ट खादी कलेक्शन लाँच किया। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के केंद्रीय मंत्री श्री कलराज मिश्र ने 7 अगस्त 2016 को ऋतु बेरी के उत्कृष्ट खादी कलेक्शन का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री श्री हरिभाई पर्थीभाई चौधरी भी उपस्थित थे।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष महोदय श्री विनय कुमार ने इस सम्बन्ध में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे पैनल में 25 से अधिक डिजाइनर हैं जो महिलाओ और पुरुषों के वस्त्र डिजाईन करते हैं और यह विभिन्न रेंज में उपलब्ध है।

तथापि, अब ऋतु बेरी के सहयोग से खादी वस्त्र आधुनिक फैशन से परिपूर्ण होंगे। भारत में ऋतु बेरी के महिलाओं और पुरुषों के नवीनतम फैशनयुक्त खादी वस्त्रों की प्रदर्शनी लगाई गई हैं।

इस कलेक्शन में पूर्व और पश्चिम का मिश्रण हैं जिसमें आधुनिकता के साथ भारतीय संस्कृति की झलक दिखाई देती है।

रचनात्मकता के विभिन्न रूपों के साथ ही अतीत की छवि को बनाये रखने की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए, बेरी ने खादी को वैश्विक प्रतिरूप देने का प्रयास किया है। साथ ही समकालीन समृद्ध परंपरा का मिश्रण करते हुए वस्त्र को ग्लैमरस बनाया है जो कि पहनने के लिए आसान हैं।

इस कलेक्शन में विभिन्न डिजाईनो के घागरा, सलवार, जैकेट और टॉप का सुन्दर संग्रह उपलब्द्ध है। महिलाओं के लिए खादी के इस वृहद कलेक्शन में चिकनकारी और कढाई किये हुए उत्कृष्ट वस्त्र भी शामिल हैं।

इस कलेक्शन में विभिन्न आकर्षक रंगों जैसे सफेद, पेस्टल मेटलिक और काले रंग के वस्त्र काफी पसंद किये जा रहे हैं।

आयोग ने पी.एम.ई.जी.पी. ऑनलाइन हेतु कॉरपोरेशन बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अरुण कुमार झा ने आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना एवं आयोग के अन्य सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति में कॉरपोरेशन बैंक के प्रतिनिधि व मुख्य महाप्रबंधक श्री पूर्णचंद राव के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये ।

यह समझौता प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम की ऑनलाइन प्रणाली के संचालन के लिए किया गया है । कॉरपोरेशन बैंक मार्जिन मनी सब्सिडी की राशि सीधे लाभार्थियों को उन्हें वित्त उपलब्ध कराने वाले बैंक खाते में ऑनलाइन संवितरण हेतु राष्ट्रीय स्तर पर एकमात्र अभिकरण होगा। यह समझौता ज्ञापन प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम के कार्यान्वयन की गति में वृद्धि लाने व इसमें गुणवत्ता व पारदर्शिता लाने के लिए सक्षम होगा ।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा टोल फ्री हेल्पलाइन की शुरुआत

श्री विनय कुमार सक्सेना, अध्यक्ष खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने खादी और ग्रामोद्योग आयोग के टोल फ्री हेल्प लाइन का उद्घाटन किया।

अब खादी और ग्रामोद्योग आयोग के कार्यक्रम के संबंध में जस्ट डाइल 18003000034 से आसानी से जानकारी हासिल कर सकते हैं तथा इससे हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में सुसंगत जानकारी प्राप्त होगी। वर्तमान में सप्ताह के छः दिनों मे सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे के मध्य सेवाएं उपलब्ध होगी एवं आगे जरुरत के आधार पर तथा प्राप्त प्रतिक्रियाओं के आधार पर इस सेवा में विस्तार किया जाएगा।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने कॉल सेंटर के लिए राजस्थान में स्थित फाइल स्पलश इन्फोटेक प्राइवेट लि. कंपनी को कॉन्ट्रॅक्ट दिया हैं। यह कंपनी छोटे नगरों और ग्रामीण क्षेत्रों के जनता के साथ कार्य करने वाली एक सामाजिक उद्यम हैं। यह उद्यम महिला रोजगार पर अधिक काम करता हैं।

यह कंपनी संपूर्ण भारत में स्थित खादी और ग्रामोद्योग आयोग के क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी एक टोल फ्री नंबर के माध्यम से प्रदान करेगा। इस संबंध में यह निर्णय लिया गया है कि इस सेवा का शीघ्र ही खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अन्य डिविजनों में विस्तार किया जाएगा तथा साथ ही प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रमों, खादी केन्द्रों, फुटकर खरीदी इत्यादि के लिए केन्द्रीकृत सहयोग भी प्रदान किया जायेगा।

इस कॉल सेंटर की मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित हैं :-

- यह मानव संसाधन विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अंतर्गत पुछताछ करने के लिए संपर्क साधने का एक केन्द्र हैं।
- यहाँ पर संपूर्ण भारत में संचालित किसी भी कार्यक्रम अथवा प्रशिक्षण से संबंधित प्रतिक्रिया व्यक्त करने अथवा शिकायत करने की सुविधा हैं।
- खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा अपनी जरुरत के आधार पर कार्यक्रमों में सुधार लाने के लिए इससे उपयोग में लाया जाएगा।
- उद्यमिता जागरुकता विकास कार्यक्रमों के बारे में पूछताछ कि जा सकती हैं।

इस टोल फ्री नंबर से निम्नलिखित प्रमुख लाभ होंगे :-

- खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अंतर्गत सभी गतिविधियों के लिए संपर्क करने हेतु यह एक मात्र केंन्द्र हैं। यह खादी और ग्रामोद्योग आयोग में एक ड़िजिटल क्रांति होगी।
- खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अंतर्गत चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में भावी प्रशिक्षणार्थीयों को जागरुक करने और प्रतिक्रिया व्यक्त करने के समय में सुधार होगा।
- यह कॉल सेंटर, कॉल करने वाले व्यक्ति के संबंध में जानकारी हासिल करेंगे और इसी डाटाबेस का उपयोग खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अन्य कार्यक्रमों के बारे में जानकारी अधिक से अधिक लोगों को देने के लिए भी करेंगे।
- खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा किये गए विभिन्न पहलों का लाभ उठाने जनता को और अधिक अवसर प्रदान करेगा।

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री, साध्वी निरंजन ज्योती ने अगस्त 2016 माह में अहमदाबाद का दौरा किया, इस दौरान उन्होंने अहमदाबाद स्थित कामधेनु खादी भवन का दौरा किया एवं खादी ग्रामोद्योगी कार्यों की सराहना की तथा खादी उत्पादों की खरीदी की ।

नई दिल्ली स्थित खादी इण्डिया बिक्री केन्द्र में रक्षाबंधन कार्यक्रम मनाया गया, जहां सांसद श्रीमती मिनाक्षी लेखी ने एमएसएमई मंत्री श्री कलराज मिश्र को रखी बांधी।

हाल ही में खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के महानिदेशक, श्री दीपक कुमार एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के संयुक्त सचिव, श्री बी.एच. अनिल कुमार के साथ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के राज्य मंत्री, श्री गिरिराज सिंह से मुलाकात की । इस अवसर पर मंत्री महोदय ने आजादी के 70 साल बाद सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र में खादी के उत्थान पर चर्चा की।

आयोग के अध्यक्ष ने पश्चिम क्षेत्रीय एमएसएमई कॉन्क्लेव में भाग लिया

एमएसएमई-डीआई द्वारा 19 अगस्त 2016 को महात्मा मंदिर, गाँधीनगर में एमएसएमई रीजनल कॉन्कलेव का आयोजन किया गया ।

कॉन्कलेव में गुजरात के नवनियुक्त माननीय मुख्यमंत्री श्री विजय रूमानी, माननीय मंत्री एमएसएमई, भारत सरकार, श्री कलराज मिश्र, माननीय राज्यमंत्री एमएसएमई भारत सरकार, श्री हरिभाई चौधरी, एमएसएमई के सचिव श्री के.के. जालन, एमएसएमई के संयुक्त सचिव श्री बी. एच. अनिलकुमार एवं एमएसएमई, एनएसआयसी के अन्य पदाधिकारी/वरिष्ठ अधिकारी, राजस्थान, महाराष्ट्र, गोवा, दादरा एवं नगर हवेली तथा दीव-दमण राज्यों/केंद्र शासित राज्यों के संबंधित मंत्री एवं अधिकरियों ने हिस्सा लिया ।

आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री ए.के.झा ने विशेष रूप से इस कॉन्कलेव में हिस्सा लिया।

इस अवसर पर माननीय मंत्री, एमएसएमई के निर्देश पर महात्मा मंदिर, गाँधीनगर परिसर में खादी डेमोनस्ट्रेशन स्टॉल की व्यवस्था आयोग की ओर से की गयी । स्टॉल पर आयोग के माननीय अध्यक्ष महोदय ने सभी का स्वागत किया एवं खादी ग्रामोद्योगी उत्पादों पर चर्चा की ।

एक साथ मिलकर काम करने का अवसर

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष, श्री विनय कुमार सक्सेना ने दिनांक 11 अगस्त 2016 को सिंगापुर उच्चायोग के उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल एवं आई.टी.ई. एजुकेशन सर्विसेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रतिनिधि, श्री तान सेंग हुवा से मुलाकात की तथा साथ मिलकर काम करने की संभावनाओं और अवसरों पर विचार विमर्श किया। इस अवसर पर आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री अरुण कुमार झा ने भी अपने सुझाव दिए।

अध्यक्ष महोदय ने बहु उद्देशीय प्रशिक्षण केंद्र, पंजोखेरा का दौरा किया

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष, श्री विनय कुमार सक्सेना ने दिनांक 9 अगस्त 2016 को आयोग के चौधरी चरण सिंह बहु उद्देशीय प्रशिक्षण केंद्र, पंजोखेरा, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश का दौरा कर वहां चल रहे खादी ग्रामोद्योगी गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर आयोग के मध्य अंचल के सदस्य, श्री जय प्रकाश तोमर भी उनके साथ थे।

आयोग ने लोकार्पित किया डिज़ाइनर खादी वेडिंग कलेक्शन

मणिपुर और गोवा सरकार ने कर्मचारियों से सप्ताह में एक दिन खादी पहनने की अपील की

मणिपुर सरकार ने सभी कार्यकर्ताओं और कर्मचारियों से सप्ताह में कम से कम एक दिन शुक्रवार को स्वैच्छिक रूप में खादी वस्त्र पहनने की अपील की है।

बुनकरों और कारीगरों के लिए ग्रामीण रोजगार का सृजन करने तथा समय पर उनकी आजीविका को बनाये रखने हेतु खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा निरंतर अपील की जा रही है ।

मणिपुर के उदाहरण को ध्यान में रखते हुए गोवा सरकार ने भी अपने कर्मचारियों को स्वेच्छिक रूप में प्रत्येक सप्ताह में एक बार खादी वस्त्र पहने की अपील की है जिससे अधिक से अधिक व्यक्ति खादी वस्त्र उपयोग में लाने के लिए प्रोत्साहित होंगे चूकी 'खादी लिनेन वस्त्र ' सभी मौसम में उपयोग में आया जा सकता है, एवं यह पर्यावरण अनुकूल है ।

महात्मा गांधी के मतानुसार खादी के इतिहास की जड़ें दूर- दूर तक फैली हैं तथा यह भारत के स्वतंत्रता संग्राम से भी जुड़ा है और यह 'स्वावलंबन' का प्रतीक है। खादी ने स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और आज भी निभा रहा है। यह ग्रामीण बुनकरों तथा कारीगरों के लिए एक वृहद क्षेत्र है । सिंथेटिक सामग्रियों के विपरीत खादी हाथ कता और बुना वस्त्र है। यह वस्त्र ग्रीष्म में शीतल तथा शीत ऋतु में गर्म होता है। मणिपुर और गोवा सरकार ने खादी की इस वास्तविकता को पहचानने की अपील की है।

मणिपुर और गोवा सरकार दोनों ही भारत के बढती हुई ग्रामीण अर्थव्यस्था से जुड़े हुए है तथा इसी प्रवास द्वारा राष्ट्र स्वालंबी और आत्मनिर्भर बनेगा। भारत के प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की योजनाओं में ग्रामों का पुनर्निर्माण और विकास करना प्रमुख मुद्दा हैं जिससे भारत के ग्रामीण अर्थ के सरंचना में द्रुत गति से प्रगति होगी।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष महोदय, श्री विनय कुमार सक्सेना ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि खादी आय में वृद्धि तथा रोजगार में सृजन करने का एक यन्त्र है और यह भारत के सम्पूर्ण वृद्धि की कहानी लिखेगा।

आदर्श ग्राम योजना
के तहत आयोग के राज्य कार्यालय, अहमदाबाद द्वारा रचनात्मक कार्यों को प्रोत्साहन

आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत आयोग के राज्य कार्यालय, अहमदाबाद द्वारा दिनांक 10 अगस्त 2016 को गॉव जलेटी-वणज जिला साबरकॉठा का चयन कर यहां पर सफाई अभियान, ग्राम सभा, मेडिकल कैम्प, वृक्षारोपण, आदि कार्य किया गया।

विदेशी प्रतिनिधि मण्डल द्वारा आयोग के राज्य कार्यालय, अहमदाबाद का दौरा

राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान, नई दिल्ली के माध्यम से अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम - रुरल इन्टरप्राइज प्लानिंग एन्ड प्रमोशन एन्ड इन्टरनेशनल मार्केटिंग एन्ड ग्लोबल कम्पेटीवनेश के अर्न्तगत 8 देशों- अफगानिस्तान, घाना, मोरिशस, नेपाल, नाइजीरिया, श्रीलंका, तजाकिस्तान एवं विएतनाम के 15 प्रतिनिधियों के एक दल ने दिनांक 1 अगस्त, 2016 को आयोग के राज्य कार्यालय, अहमदाबाद का दौरा किया। आयोग के निदेशक ने प्रतिनिधि मंडल के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया, एवं पावर प्वॉइन्ट के माध्यम से आयोग के कार्यक्रमों एवं योजनाओं को विस्तार से समझाया । इस अवसर पर राज्य कार्यालय परिसर में खादी ग्रामोद्योग उत्पाद की एक छोटी प्रदर्शनी लगायी गयी।

आयोग ने पूरे उत्साह के साथ मनाया 70वां स्वतंत्रता दिवस

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के मुख्यालय मुंबई, ग्रामोदय में 15 अगस्त 2016 को पूर्ण उत्साह के साथ 70 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया और इस अवसर पर विकास के नई पहलों की घोषणा की गई तथा खादी और ग्रामोद्योग आयोग के कार्यक्रमों और योजनाओं को शांति के साथ आगे बढ़ाते हुए विकास करने की शपथ ली गई।

आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अरुण कुमार झा ने आयोग के प्रांगण में तिरंगा झंडा फराया। खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अधिकारियों ने देशभक्ति में सराबोर होकर ७०वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लिया ।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने भाषण में कहा की खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने अपने कार्यक्रमों, योजनाओं और उत्पादों के एक सुद्रढ़ स्थिति बनाई है । इस अवसर पर उन्होंने पुनः दोहराते हुए कहा कि इस क्षेत्र का मुख्य उद्देश्य आजीविका के साधन को कारीगरों, कत्तिनों, बुनकरों तथा अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना हैं । उन्होंने आगे कहा कि खादी और ग्रामोद्योग एक ऐसा सेक्टर है जो हमारे राष्ट्र को आर्थिक रूप में स्वंतत्र बना सकता है । उन्होंने यह भी कहा कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग कारीगरों के दरवाजे पर रोजगार का सृजन करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग की राष्ट्र विकास के बदलते परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण भूमिका हैं और खादी और ग्रामोद्योगी उत्पाद मूल्य तथा सौन्दर्य दोनों ही शर्तों में वर्त्तमान मांग को पूरा करने में सक्षम हैं।

श्री प्रयाग, अलवानी, विले पार्ले निर्वाचन क्षेत्र के विधायक ने इस अवसर पर तिरंगी राखी और खादी के डिजाइनर वस्त्रों का शुभारम्भ किया । इस अवसर पर आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अरुण कुमार झा, मुख्य सर्तकता अधिकारी श्री मोहित जैन, आयोग के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री के. एस. राव, आयोग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी तथा आगंतुक उपस्थित थे ।

आयोग के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री के. एस. राव ने अपने संबोधन में कहा कि खादी भारत

सहायक निदेशक, हाथ कागज खादी और ग्रामोद्योग आयोग अधिकारी यूनियन के अध्यक्ष ने आयोग के विगत 60 वर्षों के इतिहास की जानकारी दी । उन्होंने यह भी बताया कि कोई भी बहुराष्ट्रीय कम्पनी इस प्रकार रोजगार सृजन के अवसर उपलब्ध नहीं करा सकती है ।

इस अवसर पर राजीव गाँधी कॉलेज के छात्रों द्वारा प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम पर नुक्कड़ – नाटक का प्रदर्शन किया गया जो आकर्षण का केंद्र था, इसके अतिरिक्त खादी और ग्रामोद्योगी गतिविधियों की प्रदर्शनी जैसे मधुमक्खीपालन, कुम्भारी, और सोलर चरखा कताई इत्यादि की प्रदर्शनी लगाई गई । 15 अगस्त को 'खादी इंडिया' बिक्री केंद्र में ग्राहकों को खादी सूत की हाथ से बने गुंडी पहनाकर स्वागत किया गया । इस अवसर पर 'खादी इंडिया' बिक्री केंद्रों में खादी वस्त्रों पर 20 प्रतिशत की छूट दी गई ।

इस अवसर पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग के कर्मचारियों ने खादी के वस्त्र धारण कर तथा 'आई लव खादी ' एंव हिंदी में 'मैं खादी प्रेमी हूँ' का स्टीकर भी लगाया ।

के स्वतंत्रता का वस्त्र है यह राष्ट्र के स्वतंत्रता संग्राम से जुडा है । उन्होंने खादी और ग्रामोद्योग आयोग के विगत वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खादी और ग्रामोद्योगी क्षेत्र अपने कार्य के माध्यम से राष्ट्र को वास्तविक रूप में श्रधांजलि अर्पित कर रहा हैं ।

प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की निदेशक श्रीमती जोगलेकर ने उपस्थित सभी को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें आतंरिक आय सृजन पर ध्यान देने की जरुरत है । उन्होंने आगे कहा कि हमें अपने ग्रामों और नगरों के नाम जन शिक्षा कार्यक्रम आयोजित करने हेतु प्रस्तुत करना चाहिए जिससे रोजगार सृजन का उद्देश्य पूर्ण होगा ।

श्री एम.टी. वाकोडे, निदेशक ए.बी.एफ़.बी.आइ., ने इस अवसर पर सूचित करते हुए कहा कि यह दिन सम्पूर्ण विश्व में अंतर्राष्ट्रीय शहद मधुमक्खी दिवस के रूप में मनाया जाता है । इस अवसर पर आयोग के अन्य अधिकारियो ने भी अपने विचार व्यक्त किये । श्री चंद्रहास कैयोर,

आयोग के अध्यक्ष, नई दिल्ली स्थित खादी ग्रामोद्योग भवन में स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए

राज्य कार्यालय, चण्डीगढ़

आयोग के राज्य कार्यालय, चण्डीगढ़ में स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए आयोग के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तर क्षेत्र श्री एस.पी.सिंह, इस अवसर पर क्षेत्रीय पंजाब खादी मण्डल, खरार के अध्यक्ष श्री रामनाथ, राज्य कार्यालय के उप निदेशक श्री अरविन्द कुमार, उप निदेशक श्री मांगे राम तथा अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे.

बहुउद्देश्यीय प्रशिक्षण केन्द्र, त्रिस्सूर

राज्य कार्यालय, अरुणाचल प्रदेश

आयोग के मण्डलीय कार्यालय, विशाखापट्नम में 70वां स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया.

कार्यालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए कार्यालय के पदाधिकारी

आयोग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ली सद्भावना शपथ

आयोग की वित्त सलाहाकार श्रीमती उषा सुरेश ने सद्भावना दिवस के अवसर पर दिनांक 20 अगस्त, 2016 को आयोग मुख्यालय में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सद्भावना शपथ दिलायी, इस अवसर पर आयोग के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री के.एस.राव एवं श्री वाय.के. बारामतीकर भी उपस्थित थे.

सद्भावना दिवस शपथ

मैं प्रतिज्ञा लेता हूँ कि मैं जाति, क्षेत्र, धर्म और भाषा को बिना ध्यान दिये भारत के सभी लोगों की भावनात्मक एकात्मकता और सद्भावना के लिये कार्य करूँगा। और मैं कसम खाता हूँ कि बिना हिंसा के संवैधानिक साधनों और बातचीत के द्वारा एक-दूसरे के बीच की दूरियों को अवश्य समाप्त कर दूँगा।

आयोग मुख्यालय, मुंबई में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सदभावना शपथ लेते हुए

आयोग के गांधी दर्शन, राजघाट, दिल्ली स्थित कार्यालय में दिनांक 20 अगस्त 2016 को सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सद्भावना शपथ दिलायी गयी

स्वतंत्रता के अधिकार के साथ उत्तरदायित्व की भावना भी आती है

-गिरिराज सिंह

खादी न केवल एक वस्त्र है अपितु गरीब के घर का दीपक जलाये रखने का साधन भी है। खादी जो की एक समय गांधी जी की विचारधारा थी आज हमारे प्रधानमंत्री वास्तविक आर्थिक स्वतंत्रता के लिए सभी से उसी खादी के उपयोग हेतु अनुरोध कर रहे है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने 16 अगस्त 2016 को खादी और ग्रामोद्योग आयोग के मुख्यालय, मुंबई में एक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता के अधिकार के साथ उत्तरदायित्व कि भावना भी आती है।

अपने संबोधन में उन्होंने आगे बताया की एक समय पूर्वजों का परिधान कही जाने वाली खादी आज युवाओं का पसंदीदा वस्त्र है। उन्होंने इस अवसर पर युवाओं के सबसे पसंदीदा वस्त्र आधुनिक डेनिम के बारे में भी चर्चा की। इसी क्रम

में उन्होंने खादी और ग्रामोद्योग आयोग के कार्यक्रमों और योजनाओं की समीक्षा भी की. उन्होंने हाल ही में प्रारंभ की गयी खादी राखी, डिज़ाइनर वस्त्र, सोलर चरखे का प्रदर्शन, अगरबत्ती और कुम्हारी उद्योग, मधुमक्खी पालन तथा हाथ कागज सम्बन्धी गतिविधियों का भी निरिक्षण किया ।

खादी कि सबसे बड़ी विशेषता उसका पारंपरिक होने के साथ उसका फैशनेबल होना भी है. पारंपरिक कुम्हारी और कत्तिन इस क्षेत्र के सबसे महत्वपूर्ण अंग है। इस अवसर पर उन्होंने बदलते समय के साथ बदलने वाली स्वतंत्रता कि परिभाषा को भी समझाया।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष, श्री विनय कुमार सक्सेना ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 'खादी हमारी विरासत है, स्वाधीनता के पूर्व इसने आर्थिक स्वतंत्रता की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और आज भी इस कार्य में अपना योगदान दे रही है. यह निर्बल और दीन को स्वावलंबी बनाने का सबसे अच्छा साधन है'।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री अरुण कुमार झा ने कहा कि 'वास्तविक और आर्थिक स्वतंत्रता खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्र द्वारा ही आ सकती है'। आज समय की मांग है की हम व्यापार के आदर्श प्रतिमान के रूप में उजागर हो तथा छूट और सहायता कि धारणा से

बाहर निकले।

एस अवसर पर गाँधी सिक्षा भवन कि छात्राओं द्वारा शुभा मुद्‌गल के गीत चरखा "चला-चला के लेंगे स्वराज पर" नृत्य का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने स्वंत्रता के अधिकार पर अपने विचार व्यक्त किये और खादी पहनने का संकल्प किया।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा दीन दयाल उपाध्याय ट्रस्ट का दौरा

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री अरुण कुमार झा ने 3 अगस्त 2016 को दीन दयाल उपाध्याय ट्रस्ट, फराह, मथुरा का दौरा किया।

उन्होंने खादी और ग्रामोद्योग आयोग के चौधरी चरण सिंह बहु उद्देशीय प्रशिक्षण केंद्र, पंजोखेरा, मुज्जफरनगर द्वारा आयोजित खादी चरखा कार्याक्रम तथा रेडीमेड परिधान प्रशिक्षण कार्यक्रम जिसके अंतर्गत सिलाई, कटाई सम्मलित है का भी निरक्षण किया।

आयोग के मंडलीय कार्यालय, मेरठ के निदेशक श्री एस.पी.गुप्ता तथा कर्मचारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। श्री अरुण कुमार झा ने दीनदयाल उपाध्याय धाम के निदेशक श्री पदम सिंह और ट्रस्ट के सचिव श्री नवीन मित्तल के साथ भी विचार विमर्श किया।

इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने महिला प्रशिक्षुओं के समूह को संबोधित किया एवं उन्हें आयोग की योजनाओं, कार्यक्रमों और स्व-रोजगार के बारे में सूचित किया।

आयोग मुख्यालय, मुंबई में हिन्दी कार्यशाला आयोजित

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार वर्ष 2016-17 हेतु निर्धारित लक्ष्यांकों को प्राप्त करने के क्रम में खादी और ग्रामोद्योग आयोग, मुख्यालय, मुंबई के ढेबर भाई सभाकक्ष में दिनांक 01 सितंबर, 2016 को दो सत्र में एक हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का प्रथम सत्र खादी और ग्रामोद्योग आयोग में कार्यरत कनिष्ठ कार्यकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकारियों (एफबीएए) को "हिन्दी कार्यान्वयन एवं पत्राचार" विषय पर एवं द्वितीय सत्र वरिष्ठ कार्यकारियों (प्रशासन) को "हिन्दी टिप्पण एवं आलेखन" विषय पर जानकारी देने हेतु आयोजित किया गया था।

कार्यशाला के प्रथम सत्र के शुभारंभ में श्री एस.के. सिन्हा उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी/राजभाषा अधिकारी ने अतिथि व्याख्याता श्री हर्ष मोहन कृष्णात्रे को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। श्री एस.के.सिन्हा, राजभाषा अधिकारी ने कार्यशाला में उपस्थित सभी कर्मचारियों को हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा कहा कि हिन्दी भारत की संपर्क भाषा है, सभी क्षेत्र के लोग इसे समझ सकते है इसीलिए सभी को हिन्दी में ही कार्य करने का हर संभव प्रयास करना चाहिए। केंद्रीय सरकार के प्रत्येक कर्मचारी के लिए हिन्दी सीखना एवं उसमें कार्य करना अनिवार्य है।

अतिथि वक्ता श्री हर्ष मोहन कृष्णात्रे ने सरकारी कामकाज में सरल हिन्दी के प्रयोग पर ज़ोर दिया। उन्होंने बताया कि हमें अँग्रेजी के दायरे से बाहर निकलना चाहिए। हर देश की अपनी एक भाषा होती है और वो देश तभी उन्नति कर सकेगा, जब उसके देशवासी अपनी ही मातृभाषा में काम करें। उन्होने यह भी बताया कि प्रत्येक व्यक्ति अपने विचारों की अभिव्यक्ति अपनी मातृभाषा में अच्छे से कर सकता है। उन्होने बैंक के चैक एवं रेलवे के फॉर्म भी हिन्दी में भरने पर ज़ोर दिया। उन्होने कर्मचारियों को कार्यालय में हिन्दी में कार्य करने को प्रोत्साहित किया। कर्मचारियों द्वारा पूछे गए सवालों का भी उन्होने बहुत ही सरलता से उत्तर दिया। हिन्दी कार्यशाला में उपस्थित सभी कर्मचारियों ने हिन्दी कार्यशाला को बहुत उपयोगी बताया।

द्वितीय सत्र में, श्री कृष्ण पाल, सहायक निदेशक/प्रभारी (हिन्दी विभाग) ने अतिथि वक्ता श्री हर्षमोहन कृष्णात्रे का परिचय उपस्थित कर्मचारियों से कराया एवं उनका स्वागत किया। द्वितीय सत्र का विषय "हिन्दी टिप्पण एवं आलेखन" था। इस सत्र में आयोग में विभिन्न निदेशालयों में कार्यरत वरिष्ठ कार्यकारियों (प्रशासन) ने भाग लिया। सभी उपस्थित प्रतिभागियों ने कार्यशाला का भरपूर लाभ उठाया। प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का अतिथि वक्ता ने बहुत ही सरल एवं सुंदर उत्तर दिये। अंत में श्री कृष्ण पाल, सहायक निदेशक/प्रभारी (हिन्दी बिभाग) ने अतिथि वक्ता एवं उपस्थित कर्मचारियों का धन्यवाद देकर आभार प्रकट किया।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की 635वीं बैठक के मुख्यांश

श्री विनय कुमार सक्सेना, अध्यक्ष महोदय की अध्यक्षता में दिनांक २७ जुलाई, २०१६ को नंदी हिल, बेंगलुरु में आयोग की ६३५वीं बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में आयोग के सभी सदस्य श्री जय प्रकाश तोमर, आंचलिक सदस्य (मध्य क्षेत्र), श्री जी.चंद्रमौलि, आंचलिक सदस्य (दक्षिणी क्षेत्र), डॉ. संगीता कुमारी, आंचलिक सदस्य (पूर्वी क्षेत्र) श्री नारायण सी.बोरकाटकी आंचलिक सदस्य (पूर्वोत्तर क्षेत्र) श्री अशोक भगत विशेषज्ञ सदस्य (अनुसंधान एवं विकास) के साथ-साथ श्री मधुसूदन रेड्डी, उप-महाप्रबंधक, एसबीआई श्री बी.एन.नंदा आर्थिक सलाहकार (एमएसएमई), श्री अरुण कुमार झा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, खा.ग्रा.आयोग, श्रीमती ऊषा सुरेश, वित्तीय सलाहकार, खा.ग्रा.आयोग, श्री मोहित जैन मुख्य सतर्कता अधिकारी, खा.ग्रा.आयोग उपस्थित थे।

आयोग की बैठक में सर्वप्रथम पूर्व राष्ट्रपति दिवंगत डॉ. ए.पी.जे.अब्दुल कलाम आजाद की प्रथम पुण्य तिथि पर उनकी आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की।

1. सभी खादी संस्थाओं को जानकारी देने हेतु संस्थाओं के लिए ''आंचलिक स्तरीय संवेदनशील कार्यशालाओं'' का आयोजन किया जाना चाहिए।

2. आयोग ने संयुक्त सचिव (एमएसएमई) के पत्र में उल्लिखित शर्तों के आधार पर गैर-पूर्वोत्तर क्षेत्र के गैर-सरकारी संगठनों एवं ग्रामोद्योगी संगठनों हेतु रु.1000/- से रु.10000/- तक ''सूचीबद्ध शुल्क'' और पूर्वोत्तर क्षेत्र में पंजीकरण करवाने वाली इकाईयों हेतु रु.2000/- ''सूचीबद्ध शुल्क'' बढ़ाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया। आयोग से पंजीकरण करवाने वाली संस्थाओं को वैट, बिक्री कर, आयकर आदि के अंतर्गत वित्तीय लाभ संबंधी छूट/रियायत दी जाती हैं।

3. आयोग ने आयोग से पंजीकृत सभी ग्रामोद्योगी इकाईयों को यह सूचित करने का निर्णय लिया है कि वे ग्रामोद्योगी उत्पादों के उत्पादन हेतु संस्था को प्राप्त कोई भी प्रमाणपत्र/लाईसेंस (बीआईएस, एफपीओ, एग- मार्क, ड्रग लाईसेंस, आयुष लाईसेंस अथवा अन्य कोई लाईसेंस) संबंधी विवरण 30 दिनों के भीतर प्रदान करें। आयोग ने यह भी निर्णय लिया कि यदि ग्रामोद्योगी विनिर्माता इकाई ने ट्रेड हेतु निर्धारित अनिवार्य लाईसेंस नहीं प्राप्त किया है, तो उन इकाईयों की मान्यता अविलंब रद्द की जाएगी और उत्पाद लेबल पर ''आयोग से मान्यताप्राप्त'' लिखने से वंचित किया जाएगा।

4. आयोग के मानदंडों एवं दिशानिर्देशों का अनुपालन न करने वाली संस्थाओं को 30 दिनों के भीतर कानूनी कार्रवाई सहित आयोग से उनकी मान्यता/पंजीकरण रद्द करने सहित कानूनी कार्रवाई करने संबंधी 'चेतावनी पत्र' जारी किया जाएगा।

5. ''खादी इंडिया लोगो'' का अनधिकृत उपयोग करने वाली पीएमईजीपी इकाईयों/संस्थाओं को कानूनी कार्रवाई सहित आयोग से उनकी मान्यता/पंजीकरण रद्द करने संबंधी 'चेतावनी पत्र' जारी किया जाएगा। आयोग ने यह निर्णय लिया कि सभी प्रमुख हिंदी एवं अंग्रेजी अखबारों में यह विज्ञापन दिया जाए कि आयोग के अनुमोदन के बिना ''खादी इंडिया लोगो'' का अनधिकृत प्रयोग करने वाली संस्थाओं के विरुद्ध 30 दिनों के भीतर कानूनी कार्रवाई सहित आयोग से उनकी मान्यता/पंजीकरण रद्द किया जाएगा।

6. ग्रामोद्योगी संस्थाओं हेतु पुनरुद्धार/सशक्तिकरण योजना के अनुमोदन संबंधी ग्रामोद्योग समन्वय निदेशालय के प्रस्ताव के संबंध में आयोग ने यह निर्णय लिया कि सभी बंद ग्रामोद्योगी इकाईयों के व्यापक पुनरुद्धार की बजाय, क्योंकि इसमें काफी मात्रा में राशि की आवश्यकता होगी, सर्वप्रथम खादी और ग्रामोद्योगी दोनों गतिविधियां चलाने वाली संस्थाओं की ग्रामोद्योगी इकाइयों के खराब प्रदर्शन/बंद होने के कारण संबंधी अध्ययन के उद्देश्य से उन्हें अलग करते हुए उन इकाईयों का नया शक्यता अध्ययन कराया जाना चाहिए तथा इसके बाद इन इकाईयों के पुनरुद्धार हेतु सहायता पर निर्णय लिया जाना चाहिए।

आयोग ने ''विशेष परियोजना'' के रूप में सभी 83 संस्थाओं, जिनके विरुद्ध 19-बी की कार्रवाई की गयी है, के बारे में संरचनागत कमी, चलनिधि समस्या के अध्ययन सहित शक्यता

अध्ययन पर विचार करने हेतु सिफ़ारिश भी की है।

7. आयोग ने ''उद्यमिता मोड'' के तहत खादी कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु सैद्धांतिक प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान किया, जिसके तहत देश भर में खादी गतिविधियों को सुदृढ़ बनाने के लिए खादी कार्यक्रम चलाने हेतु व्यक्तियों एवं उद्यमियों को व्यापक रूप से प्रोत्साहित किया जाएगा।

8. यह सुझाव है कि आयोग को समयबद्ध ढंग से खादी प्रमाणपत्र जारी करने के लिए ऑनलाइन प्रणाली तैयार करनी चाहिए, ताकि उद्यमी खादी इकाई स्थापित करने के लिए सक्षम हो सकें। जबकि पीएमईजीपी के तहत ऐसे उद्यमों की सहायता संभव हो सकती है, लेकिन ऐसे उद्यमों को आईसेक देना संभव नहीं होगा, क्योंकि ऐसे उद्यम वित्तीय संस्थाओं से व्यापारिक ऋण दर पर कार्यशील पूंजी का लाभ लेकर व्यापारिक व्यवहार्य इकाई के रूप में कार्य करते हैं।

9. आयोग ने अध्यक्ष महोदय के इस सुझाव पर सहमति व्यक्त की कि बेहतर कार्यनिष्पादन करने वाली संस्थाओं को दूसरे राज्य में भी उनकी गतिविधियां बढ़ाने हेतु अवसर दिया जाए। इससे संस्थाओं में प्रतिस्पर्धा का वातावरण बनेगा एवं एकाधिकार समाप्त होगा तथा कत्तीनों, बुनकरों और हितधारकों हेतु प्रतिस्पर्धात्मक मजदूरी शुरू होगी और इस प्रतिस्पर्धा से बाजार में नवोन्मेषी खादी उत्पादों में बेहतर गुणवत्ता आएगी।

10. आयोग ने यह निर्णय लिया कि जब भी संविदा आधार पर परामर्शदाता के रूप में आयोग के किसी पदाधिकारी को नियुक्त किया जाए, तो सभी सेवानिवृत पदाधिकारियों से आवेदन मँगवा कर इसमें पारदर्शी चयन प्रक्रिया अपनायी जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त, इस संबंध में यह भी निर्णय लिया गया कि पीएमईजीपी एवं अन्य कार्यक्रमों हेतु संविदा आधार पर उपयुक्त व्यक्ति को नियुक्त करने हेतु सार्वजनिक विज्ञापन के माध्यम से आवेदन मंगवाएँ जाए।

11. आयोग ने विभागीय बिक्री भंडारों हेतु इंटर्नशिप बिक्री प्रशिक्षण कार्यक्रम योजना'' शुरू करने हेतु विपणन निदेशालय के प्रस्ताव पर चर्चा की और इसे सैद्धांतिक प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान किया। आयोग ने केंद्रीय पूनी संयंत्रों के लिए भी ''प्रशिक्षु कार्यक्रम'' शुरू करने का निर्णय लिया।

12. अध्यक्ष महोदय ने यह भी निर्णय लिया है कि कत्तीनों की मजदूरी प्रति गुंडी रु.4.00 से बढ़ा कर रु.5.50 की जाए, जो दिनांक 01.04.2014 से नहीं बढ़ायी गयी है। उक्त वृद्धि दिनांक 01.04.2016 से लागू होगी। इसके अतिरिक्त, आयोग ने कारीगरों की आय बढ़ाने के संबंध में चर्चा की और इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि उच्च मूल्य के कुछ उत्पादों पर कर लगाया जाना चाहिए। इस संबंध में आयोग ने निम्नानुसार निर्णय लिया :

''जिस सीमा तक यह संभव हो सके एवं बाजार में स्वीकार्य हो, आयोग के विभागीय बिक्री केन्द्रों पर बेचे जाने वाले उच्च मूल्य के कुछ उत्पादों जैसे कि मसलिन, रेशम एवं पश्मिना आदि की बिक्री मूल्य में बढ़ोतरी की जाएगी और इस प्रकार से बढ़ी राशि के कारण एकत्र राशि डीएसओ द्वारा मासिक आधार पर संबंधित संस्थाओं के कारीगरों के खातों में सीधी भेजी जाएगी।''

13. आयोग ने व्यक्तिगत/संस्थाओं/संगठनों द्वारा सार्वजनिक सहभागिता/दान के माध्यम से ''चरखा बैंक'' बनाने हेतु खादी निदेशालय के प्रस्ताव पर चर्चा, प्रशंसा और सैद्धांतिक प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान किया। इससे आयोग में लगभग 10,000 एनएमसी चरखों का एक पूल बन जाएगा तथा उन्हें चिन्हित जरूरतमंदों एवं प्रशिक्षित व्यक्तिगत कतीनों और परिवारों के घर पर अथवा संस्था के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। इससे उन्हें प्रति दिन लगभग रु.100/- से रु.125/- अर्जित करने का अवसर मिलेगा, जिससे उन्हें सम्मानजनक जीवनयापन करने में सहायता मिलेगी।

14. भारत सरकार के पीएफएमएस प्रणाली (सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली) के माध्यम से केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं हेतु निधि अंतरण के संबंध में, आयोग ने आर्थिक सलाहकार (एमएसएमई) के इस अवलोकन को नोट किया कि भारत सरकार से एक ऐसा आदेश प्राप्त हुआ है, जिसकी मॉनिटरिंग भारत के प्रधानमंत्री स्वयं कर रहे हैं, जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि भारत सरकार के सभी मंत्रालय भविष्य में अनुदान लेने वाले संस्थान अर्थात खादी और ग्रामोद्योग आयोग को केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं की सभी निधियाँ भारत सरकार के

प्रत्येक मंत्रालय से मान्यताप्राप्त बैंक (इस मामले में भारतीय स्टेट बैंक) के माध्यम से पीएफएमएस प्रणाली (सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली) के माध्यम से भेजी जाएगी। आयोग डीबीटी (प्रत्यक्ष बैंक अंतरण) हेतु 31 मार्च 2017 तक पीएफएमएस पर पंजीकृत कर लाभार्थियों को निधि अंतरण करना सुनिश्चित करेगा। ऐसे मामले में निधियां आयोग को प्राप्त नहीं होगी और निधियों के डीबीटी प्रणाली के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के खाते में अंतरित होने की पूरी संभावना है।

15. आयोग ने अध्यक्ष महोदय के इस अवलोकन को नोट किया कि आयोग की 634वीं बैठक में ऑनलाइन पीएमईजीपी प्रणाली के परिचालन संबंधी मामले पर चर्चा करते समय आयोग ने यह स्पष्ट किया था कि आयोग ने वित्तीय बैंक शाखाओं में सीधे तौर पर मार्जिन मनी अंतरण करने हेतु एक ही बैंक का चयन करने का विरोध किया था।

16. आयोग ने पीएमईजीपी योजना के ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली के शुरु होने की भी प्रशंसा की।

17. आयोग ने अध्यक्ष महोदय के इस अवलोकन को नोट किया कि रु.100 करोड़ वित्तीय सहायता हेतु अत्यंत नवोन्मेषी एवं चुनौतीपूर्ण प्रस्ताव सरकार को प्रस्तुत किया जा रहा है। इस योजना में रु.13851/- प्रति व्यक्ति विनिवेश से चार माह के भीतर 41,662/- खादी कारीगरों को रोजगार मिलेगा और इस योजना से खादी उत्पादों की बाजार संबंधी मांग को पूरा करने में भी मदद मिलेगी। उपरोक्त खादी कारीगरों के रोजगार के अतिरिक्त, इस योजना के अंतर्गत उपकरणों के निर्माण हेतु एक बार में 788 व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया जाएगा।

18. आयोग ने यह भी नोट किया कि ''क'' श्रेणी की 500 खादी संस्थाओं से निधि की शत-प्रतिशत वसूली शुरू की जाएगी, जिससे योजना को कार्यान्वित किया जाएगा, जिसमें बिक्री पर एमडीए राशि प्रति इकाई रु.6,00,000 होगी और कारीगरों को एमडीए देने के बाद संस्था से 05 वर्ष में 10 प्रतिशत ब्याज सहित रु.4,50,000 एमडीए राशि वसूल की जाएगी और इस प्रकार योजना में किसी प्रकार की निधि की हानि नहीं होगी।

19. आयोग ने विशेषज्ञ सदस्य (अनुसंधान एवं विकास) के इस सुझाव पर सहमति व्यक्त की कि ऐसे विशिष्ट गांवों की पहचान की जाए, जहां प्रत्येक परिवार को कताई कार्य हेतु चरखा प्रदान किया जाए। इससे न केवल खादी उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा, अपितु कतीनों की एक नई पीढ़ी भी तैयार होगी। इस योजना को क्लस्टर अप्रोच के तहत कार्यान्वित किया जा सकता है।

20. अध्यक्ष महोदय ने आयोग बैठक में खादी मॉडल गाँव/खादी स्मार्ट गाँव की स्थापना हेतु अभिसरण (कन्वर्जेंस) कार्यक्रम की अवधारणा के संबंध में मंत्रालय के साथ हुई चर्चा की जानकारी प्रदान की और बताया कि परियोजना को स्मार्ट खादी गाँव अथवा स्मार्ट गाँव आदि नाम देने का निर्णय विचाराधीन है।

21. आयोग ने सदस्य (मध्य क्षेत्र) के इस अवलोकन को नोट किया कि ऐसे उत्कृष्ट प्रस्तावों को, जिनमें सरकार से अतिरिक्त बजटीय सहायता की आवश्यकता नहीं है, देश के दूर-दराज क्षेत्रों में रहने वाले गरीब लाभार्थियों के हित में प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, क्योंकि इसमें अनेक परिवार पहले से ही 80 प्रतिशत खादी और ग्रामोद्योगी गतिविधियों से जुड़े है तथा खादी और ग्रामोद्योग आयोग को उपलब्ध संसाधनों से विकसित किये जाने वाले शत-प्रतिशत खादी और ग्रामोद्योगी परियोजना संबंधी अवधारणा की कल्पना हेतु गांवों की वर्तमान प्रमुख गतिविधियों के साथ शेष 20 प्रतिशत गतिविधियों को जोड़ने के लिए स्थानीय मशीनरी जैसे कि ग्राम पंचायत, विधायक, सांसद, गैर-सरकारी संगठनों को शामिल करने का प्रयास करना है, जिसे ''आदर्श गाँव'' आदि नाम दिया जा सकता है।

22. विशेषज्ञ सदस्य (अनुसंधान एवं विकास) ने ''सुराजी गाँव (सुंदर गाँव)'' अथवा ''ग्राम सुराजी'' नाम का प्रस्ताव दिया है, जिसे ''स्मार्ट खादी गाँव'' हेतु अपनाया जा सकता है। उन्होने यह भी प्रस्ताव दिया है कि देश भर के संबंधित गांवों में खादी गतिविधियों संबंधी सभी मुद्दों के समाधान हेतु ''खादी के लिए सिंगल विंडो प्रणाली'' वाली ग्राम पंचायतों से संबंध स्थापित किया जाए। आयोग विशेषज्ञ सदस्य के इस सुझाव से सहमत था कि ''गांधीवादी विचारधारा'' वाले ''खादी मॉडल गाँव/सुराजी गाँव' की सभी समस्याओं एवं कार्यप्रणाली संबंधी

विस्तृत नोट आयोग की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाए।

23. आयोग ने सदस्य (मध्य क्षेत्र) के इस प्रस्ताव की प्रशंसा की कि आयोग के प्रत्येक कर्मचारी सहित प्रत्येक सदस्य को आयोग की कारीगर केन्द्रित विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु अपने गृह निवास गाँव को अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे इन गांवों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति लंबे समय तक सशक्त होगी और इस प्रकार वे ऐसी नवोन्मेषी परियोजनाओं के अनुकरण से देश भर में अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत कर ''राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया'' में सहभागी बनेंगे।

24. आयोग ने अध्यक्ष महोदय के इस अवलोकन को भी नोट किया कि ऐसे सैकड़ों गाँव हैं, जहां की शत-प्रतिशत आबादी जन्मजात (परंपरागत) कत्तीनों एवं बुनकरों की है, लेकिन उनके पास आधुनिक चरखों एवं करघों की कमी है। आयोग को ऐसे गांवों की पहचान कर उन्हें अपनाना चाहिए और उन्हें चरखा बैंक आदि जैसे संसाधनों से अपेक्षित आधारभूत संरचना प्रदान करनी चाहिए तथा उन्हें ''सुराजी गाँव'' के ''खादी आदर्श गाँव'' के तहत शामिल करना चाहिए।

25. आयोग ने सदस्य (मध्य क्षेत्र) की इस चिंता पर भी ध्यान दिया कि उत्तर प्रदेश राज्य में पीएमईजीपी प्रस्ताव एससी/एसटी बैकलॉग कोटा भरने हेतु केवल एससी/एसटी श्रेणी के प्रस्तावों तक ही सीमित हैं। आयोग ने पीएमईजीपी का लाभ उत्तर प्रदेश में समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने हेतु उक्त मामले को एमएसएमई मंत्रालय से चर्चा करने हेतु सहमति अपनी प्रदान की।

समाचार पत्रों में प्रकाशित खादी ग्रामोद्योग जगत की सुर्खियां.......

खादी अब सिर्फ नेशन के लिए ही नहीं बल्कि फैशन के लिए भी

---

4 अगस्त, 2016 ▸ रविवार **राजस्थान तीन**

न्यूज इन ब्रीफ

खादी ने लॉन्च किए नए स्टीकर

जयपुर,(कासं): राजस्थान खादी और ग्रामोद्योग आयोग की ओर से शनिवार को एमआई रोड और जौहरी बाजार स्थित खादी इंडिया भंडार पर तीन रंगों के नवीन स्टीकर लॉन्च किए गए। इस मौके पर राजस्थान खादी संघ चौमूं के अध्यक्ष लक्ष्मीचंद भंडारी एवं आयोग के पूर्व सदस्य रामदास शर्मा और आयोग के निदेशक बलधारी सिंह उपस्थित रहे। आजादी के वर्षगांठ पर 9 अगस्त से पखवाड़ा दिवस मनाया जा रहा है।

शाहरुख और आमिर के साथ

डायरेक्टर ने किया मना लेकिन फिर भी किस कर बैठे टाइगर और जैकलीन

Exclusive khadi collection launched at CP outlet

NEW DELHI: Khadi and Village Industries Commission (KVIC) launched exclusive Khadi collection of Men's and Women's wear on Sunday in its showroom designed by fashion icon Ritu Beri at Khadi India outlet at Regal Building Connaught Place in New Delhi.

Kalraj Mishra, Minister, MSME inaugurated the collection by lighting the traditional lamp and cutting the ribbon. Speaking on the occasion Mishra said that Khadi is now for each and every one. He said Khadi sales growth has increased three folds and added that Prime Minister Narendra Modi is the Brand Ambassador of Khadi. Haribhai Parthibhai Chaudhary, Minister of State said Prime Minister always promotes Khadi even on his every foreign tours. Speaking on this occasion Ritu Beri said that she started her profession 25 years back by designing Khadi cloths.

Kalraj Mishra (C), Meenakshi Lekhi (L) and KVIC officials during inauguration of Khadi collection

Vinai Kumar Saxena, Chairman KVIC, said, "Khadi which has always created history is again creating history by introducing internationally acclaimed fashion designer Ritu Beri who is now designing trending designs in Khadi." Arun Kumar Jha, Chief Executive officer KVIC welcome the dignitaries on the occasion told about KVIC programme.

The collection consists of Indo-western silhouettes and reflects the Indian charm with a modern flavour.

MPOST

पंजाब केसरी punjabkesari.com fb.me/pkdonline | 8 अगस्त, 2016 ▸ सोमवार | स्थानीय 3

प्रिय ग्राहक, समझदारी से काम लो, उड़द और अरहर का उचित दाम दो.
Safal और एन सी सी एफ के मोबाइल वैन

खादी से बदलेगा फैशन का ट्रेंड

खादी के डिजाइन से शुरू किया था करियर : रितु बेरी

दिल्ली भाजपा का पूर्वांचल युवा सम्मेलन

KVIC launches Ritu Beri's exclusive Khadi collection

PNS ■ NEW DELHI

Khadi and Village Industries Commission (KVIC) on Sunday launched an exclusive collection of Men's and Women's wear designed by fashion icon Ritu Beri at its showroom Connaught Place here on Sunday.

Union Minister of MSME Kalraj Mishra inaugurated the Exclusive Khadi Collection by lighting the traditional lamp and cutting the ribbon.

Speaking on the occasion, Mishra said that Khadi sales growth has increased three folds and added that Prime Minister Narendra Modi is the Brand Ambassador of Khadi.

Minister of State of MSME, Haribhai Parthibhai Chaudhary said Prime Minister promoted Khadi even on his every foreign tours.

Speaking on this occasion Ritu Beri said that she started her profession 25 years back by designing Khadi cloths.

Union Minister of MSME Kalraj Mishra inaugurates Ritu Beri Khadi Collection by cutting the ribbon. Minister of State for MSME Haribhai Prathibhai Chaudhary and Chairman Vinai Kumar Saxena are also seen. Pioneer photo

Chairman KVIC Vinai Kumar Saxena said that Khadi which has always created history is again creating history by introducing internationally acclaimed fashion designer Ritu Beri.

The collection consists of Indo-western silhouettes and reflect the Indian charm with a modern flavour.

समाचार पत्रों में प्रकाशित खादी ग्रामोद्योग जगत की सुर्खियां.......

...title
...e For

WHERE: India International Centre
TIMINGS: 6:30 PM onwards

A MODERN TWIST TO INDIAN CHARM

Kalraj Mishra, Union Minister, MSME inaugurated the exclusive Khadi collection of men's and women's wear designed by fashion icon Ritu Beri at Khadi India outlet, New Delhi on Sunday. PIC/NAVEEN SHARMA

खादी ने लॉन्च की परिधानों की नई रेंज

...व न्यूज ▪ नई दिल्ली

...दी और ग्रामोद्योग आयोग ...व्वीआईसी) ने रीगल बिल्डिंग ...हॉट प्लेस स्थित खादी इंडिया ...उटलेट में रितु बेरी द्वारा पुरुषों और ...हलाओं के लिए डिजाइन किए गए ...धान को केंद्रीय मंत्री कलराज मिश्र ...लॉन्च किया। इस दौरान उन्होंने ...न काटकर व दीपक जला कर ...ष खादी संग्रह का उद्घाटन किया ...। इस मौके पर सभी को ...बोधित करते हुए कलराज मिश्र ...कहा कि खादी सभी के लिए है। ...ले कुछ वर्षों में खादी की बिक्री

तीन गुना तक बढ़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खादी के ब्रांड एम्बेसडर हैं। इस मौके पर राज्य मंत्री हरिभाई चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री विदेशी दौरों पर खादी को बढ़ावा देते हैं। जबकि, इस अवसर पर रितु बेरी ने कहा कि 25 साल पहले खादी से बने कपड़ों का डिजाइन कर अपने पेशे को शुरू किया था। वहीं, केवीआईसी अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि खादी अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना इतिहास बना रही है। उन्होंने कहा कि बेरी ने अपने प्रयास से खादी को अंतरराष्ट्रीय लुक देने का प्रयास किया है। यहां इंडो-वेस्टन के अलावा विभिन्न भारतीय परिधानों को भी दिखाया है।

11 Akhbar-e-Mashriq Delhi
Monday 8th August2016 Zeeqada 4 | 1437 A.H.

مرکزی وزیر کلراج مشرا نے کھادی کے ریتو بیری کلیکشن کا افتتاح کیا

نئی دہلی 7 اگست، (منوج ٹنڈن) کھادی اور ولیج انڈسٹریز کمیشن (کے وی آئی سی) نے اپنے ریگل بلڈنگ کناٹ پلیس واقع کھادی انڈیا شوروم میں آج فیشن ڈیزائنر ریتو بیری کے ڈیزائن کیے گئے خاص کھادی کلیکشن کا افتتاح مرکز وزیر کلراج مشرا اور مرکزی وزیر مملکت ہری بھائی پارتھی بھائی چودھری نے کیا اس موقع پر فیشن ڈیزائنر ریتو بیری کے علاوہ کے وی آئی سی کے سی ای او ارون کمار جھا اور کے وی آئی سی صدر ونے کمار سکسینا اور نئی دہلی کی ایم پی میناکشی لیکھی بھی موجود تھیں، اس موقع پر بولتے ہوئے مرکزی وزیر کل راج مشرا نے کہا کہ کھادی پہننے کا جو ایک رواج چل رہا ہے وہ پہلے لیڈروں کا رہا ہے، جو بھی لیڈر پہننا چاہتا ہے پارٹی سے ٹکٹ لینا چاہتا ہے، وہ پہلے جا کر کھادی کا کرتا پائجامہ خرید کر پہنتا ہے، تب عوام کے سامنے آتا ہے، لوگ یہ محسوس کرتے تھے کہ لیڈروں کی دلچسپی کھادی میں ہے، اور لیڈر کھادی پہنتے ہیں، کھادی پہننے سے صدارت کرنی آئے گی یا پھر الیکشن لڑلیں گے، وہ لوگ ایسا سوچتے تھے، کھادی زیرو ایفکٹر و یروڈفیکٹ کپڑے ہیں۔

مرکزی وزیر کلراج مشر کھادی انڈیا شوروم میں فیشن ڈیزائنر ریتو بیری کے خاص کھادی کلکشن کے افتتاحی موقع پر کھادی کی خاصیت بیان کرتے ہوئے۔

अब युवाओं को खादी के डिजाइनर कपड़े लुभाएंगे

नई दिल्ली | कार्यालय संवाददाता

फैशन

- फैशन डिजाइनर रितु बेरी ने खादी का अपना कलेक्शन लांच किया
- खादी सिर्फ नेताओं का वस्त्र नही बल्कि हमारी संस्कृति का प्रतीक

स्वदेशी और स्वतंत्रता के संघर्ष का प्रतीक खादी अब युवाओं को लुभाएगा। खादी के क्षेत्र में बड़े फैशन डिजाइनरों के कदम रखने से अब खादी में भी डिजाइनर कपड़े मिलेंगे। रविवार को खादी इंडिया में लोकप्रिय फैशन डिजाइनर रितु बेरी का महिलाओं और पुरुषों के लिए बनाया गया खादी का कलेक्शन लांच किया गया।

